**श्री श्यामधर मिश्र** : न केवल यह हमारी हैसियत में है बल्कि जरूरी भी है कि जहां जहां लम्बे इलाके हैं और जहां जहां ऐसी बीमारी हो, वहां यह किया जाय । राजस्थान से अधिक महराष्ट्र में यह हुआ है और हम चाहते हैं कि और अधिक इस को फैलायें ।

**श्री शिवनारायण** : सरकार से मैं यह जानना चाहता हूं कि इस कान्फरेंस में आपने इतना रुपया खर्च किया और जो 15 मुल्कों के आदमी आये थे क्या आप किसी गांव में भी ले गए थे उनको दिखाने के लिए ?

**अध्यक्ष महोदय**: इसका जवाब उन्होंने बहुत दे दिया ।

### Dantwala Committee's Report on Co-operative Marketing

*548. **Shri Yashpal Singh:** Will the Minister of **Food, Agriculture, Community Development and Cooperation** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 619 on the 23rd August, 1966 regarding the Dantwala Committee's Report on Cooperative Marketing and state the further progress made in this respect?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Shyam Dhar Misra):** The full report of the Committee is still awaited. It is expected to be submitted by December, 1966.

**श्री यशपाल सिंह** : जब तक वह रिपोर्ट आये, सरकार ने यह गौर किया है कि जो कोआपरेटिव सीड स्टोरस हैं वह 25 परसेंट इंटरेस्ट किसानों से ले रहे हैं और अगर 25 परसेंट इंटरेस्ट नहीं दे सकता तो इस को घटा कर के 7 परसेंट जैसे कि दूसरे बैंकों में लिया जाता है इस प्रकार से लिया जाय, इस पर सरकार ने गौर किया है ?

**श्री श्यामधर मिश्र** : श्रीमन्, यह बात सही है कि कुछ प्रदेशों में जहां गल्ला किसानों को कोआपरेटिव सीड स्टोर्स के जरिये दिया जाता है वहां सवाया के रूप में गल्ला लिया जाता है कोआपरेटिव के जरिये और उसी को माननीय सदस्य 25 परसेंट कह रहे हैं । कैश में कहीं नहीं लिया जाता ।

**श्री यशपाल सिंह** : सवाया 25 परसेंट ही तो हुआ ।

**श्री श्यामधर मिश्र** : वह 25 परसेंट जो लिया जाता है वह इस लिए लिया जाता है कि जो गल्ला लिया जाता है वह क्राप के बाद लिया जाता है और उस में नमी रहती है । तो ड्रायेज वगैरह पूरा करने के लिए यह सवाया लिया जाता है और कुछ स्टेटों में यह लागू है ।

**श्री यशपालसिंह** : इसका तो वही मतलब हो गया, सवाया कह लीजिए या 25 परसेंट कह लीजिए ।

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या आपने ऐसी कोशिश की है कि उस कमेटी की रिपार्ट जल्द से जल्द आये, जिससे किसानों को राहत मिले । क्या इस के लिए आपने उन को लिख कर भेजा है ?

**श्री श्यामधर मिश्र** : जी हां, उन को लिखा भी है और उन से जिक्र भी किया गया है तथा उन्होंने कहा है कि यह रिपोर्ट दिसम्बर, 66 तक कम्पलीट हो जायगी ।

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### Manufacture of Marine Diesel Engines

*551. **Shri R. S. Pandey:** Will the Minister of **Transport, Aviation, Shipping and Tourism** be pleased to state:

(a) whether it is planned to manufacture marine diesel engines at the Hindustan Shipyard, Visakhapatnam; and

(b) if so, details of the planned programmes in this regard?

**The Minister of Transport, Aviation, Shipping and Tourism (Shri Sanjiva Reddy)**: (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**Cargo Liner Services of Shipping Corporation of India**

*552. **Shri D. C. Sharma**: Will the Minister of **Transport, Aviation, Shipping and Tourism** be pleased to state:

(a) whether it is proposed to strengthen all cargo liner services of the Shipping Corporation of India to develop export trade during the Fourth Plan; and

(b) if so, the steps taken in the matter?

**The Minister of Transport, Aviation, Shipping and Tourism (Shri Sanjiva Reddy)**: (a) and (b). The Shipping Corporation of India have drawn up a Plan for the expansion of its tonnage in different sectors. The matter is under consideration.

**Rice supplies to West Bengal**

*553. **Shri Indrajit Gupta**: Will the Minister of **Food, Agriculture, Community Development and Cooperation** be pleased to state:

(a) whether he has assured the West Bengal Government of additional rice supplies from Central stocks this year in addition to the one lakh tons promised earlier;

(b) if so, whether this will avert the threatened cessation of rice sales from Modified Rationing Shops; and

(c) the nature of discussions he had with the State Government regarding the latter's procurement policy for the forthcoming harvest season?

**The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Govinda Menon)**: (a) Yes, Sir.

(b) Central supplies of rice are meant to supplement local procurement primarily for maintaining Calcutta rationing.

(c) The discussions covered the pros and cons of certain proposals of the State Government.

**Import of Tractors from Yugoslavia**

*554. **Shri Sezhiyan**: Will the Minister of **Food, Agriculture, Community Development and Cooperation** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that import of 12 crawler tractors model T.G. 908 from Yugoslavia has been permitted through some importing firms for the use of the Government of Orissa;

(b) if so, the amount of foreign exchange involved;

(c) whether the importing firm has applied for any increase in the import value due to devaluation; and

(d) whether Government are aware that the profit margin for the importing firm on the supply of the crawler tractors to the Government of Orissa runs into several lakhs of rupees?

**The Deputy Minister in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Shyam Dhar Misra)**: (a) to (d). The information is being collected and will be placed on the Table of the Sabha.

**गो-हत्या पर प्रतिबन्ध**

*555. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **खाद्य, कृषि, समुदायिक विकास तथा सहकार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जिन राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में अभी गोहत्या होती है, उनकी सरकारों की गोहत्या पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए कानून बनाने के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा हाल में दिये गये सुझाव के बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शिन्दे)** : अब तक 6 में से 3 राज्यों ने जिनमें गोहत्या पर आंशिक प्रतिबन्ध है अथवा बिल्कुल प्रतिबन्ध नहीं है, उत्तर दिया है। आन्ध्र प्रदेश तथा आसाम की राज्य सरकारों की